


दैनिक
# कीर्तिप्रभा
खबरों के सच का निर्भीक आइना

■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ
वर्ष : 28, अंक : 232    पृष्ठ 12, रीवा

गुरुवार 14 मई 2026
मूल्य : 3.00 रुपए




## यूपी में मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों की फ्लीट में आधी कटौती

लखनऊ वैश्विक हालात और बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसाधन बचत संबंधी आह्वान को प्रदेश में लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की फ्लीट में तत्काल 50 प्रतिशत कटौती के निर्देश दिए हैं। सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डेज् मनाने और मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री योगी ने मुख्य सचिव, डीजीपी और सभी विभागों के अपर मुख्य सचिवों एवं प्रमुख सचिवों के साथ बैठक में कहा कि दुनिया में अस्थिरता का माहौल है, ऐसे में संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की जरूरत है। उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों के काफिलों से अनावश्यक वाहन हटाए जाएं। सीएम ने सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डेज् मनाने और मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने को कहा। उन्होंने मेट्रो, पीएनजी, बस, कार पूलिंग, साइकिलिंग और ईवी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही प्रदेशवासियों से ईंधन की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और अनावश्यक सोने की खरीद से बचने की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी ने औद्योगिक संस्थानों, स्टार्टअप्स और सरकारी कार्यालयों में वर्क फ्रॉम होम संस्कृति को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सचिवालय और निदेशालय की 50 प्रतिशत आंतरिक बैठकें वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएं। स्कूलों और कॉलेजों में भी सेमिनार, वर्कशॉप और बैठकों को ऑनलाइन मोड में करने पर जोर दिया गया। ऊर्जा बचत को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी और निजी भवनों में अनावश्यक बिजली का उपयोग रोका जाए। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रात 10 बजे के बाद सजावटी रोशनी सीमित रखने के निर्देश दिए

## पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट-हृदय गति रुकने से हुई प्रतीक यादव की मौत, फेफड़ों में जमे थे खून के थक्के; नीली पड़ी लाश

लखनऊ समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक यादव की बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। 38 वर्षीय प्रतीक यादव अपनी फिटनेस को लेकर बेहद सतर्क रहते थे और प्रतिदिन जिम में घण्टों कसरत भी किया करते थे। लेकिन अचानक उनकी मौत होने पर प्रशासन ने शव का पोस्टमार्टम कराया। अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें मौत का असली कारण पता चला है। डॉक्टरों के अनुसार, प्रतीक यादव की हृदय गति रुक गई थी। साथ ही उनके फेफड़ों की रक्त वाहिकाओं में खून के थक्के जम गए थे।

डाक्टरों के मुताबिक जिस वजह से उनको सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इस वजह से उनकी मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, उनके शरीर का रंग पूरी तरह से नीला पड़ चुका है। उनके शरीर का वजन काफी बढ़ गया था। इस वजह से उनके हार्ट और विसरा को सुरक्षित रख दिया गया है। प्रतीक यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह पल्मोनरी



एम्बोलिज्म सामने आई है। जांच में पता चला कि शरीर में बना खून का थक्का फेफड़ों की धमनियों में जाकर फंस गया था। मेडिकल विशेषज्ञों के अनुसार इस स्थिति को पल्मोनरी एम्बोलिज्म कहा जाता है, जिसमें फेफड़ों तक खून और ऑक्सीजन का प्रवाह अचानक रुक जाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, खून का बड़ा क्लॉट फेफड़ों की मुख्य धमनी में पहुंचने से सांस लेने की प्रक्रिया अचानक प्रभावित हुई। ऑक्सीजन की आपूर्ति रुकने से दिल के दाहिने हिस्से पर अत्यधिक दबाव पड़ा और कुछ ही मिनटों में हालत गंभीर हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि बड़े क्लॉट की वजह से अचानक सांसें थम गईं, जिससे प्रतीक यादव की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिवार और समर्थकों में शोक का माहौल है।

इस बीच जानकारी मिली है कि प्रतीक यादव का उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) और हाइपरटेंशन के मरीज थे। कुछ दिन पहले उन्हें पल्मोनरी एम्बोलिज्म (फेफड़ों में ब्लड क्लॉट) की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया था। इस बीमारी में ब्लड क्लॉट फेफड़ों की धमनियों में जाकर रुक जाता है, जिससे हृदय का कार्य प्रभावित हो जाता है। यह भी जानकारी मिली है कि प्रतीक यादव ब्लड थिनर दवाओं पर थे और वे अपने बीमारी से पूरी तरह अवगत थे। वे नियमित रूप से अपनी ब्लड प्रेशर की दवाएं

### पुंछ में एक आतंकी ढेर, किश्तवाड़ में आतंकी मददगार शिक्षक गिरफ्तार

पुंछ, जम्मू-कश्मीर मे आतंकवाद विरोधी कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को भारतीय सेना ने पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी आतंकी को ढेर कर दिया, जबकि एक अन्य घायल हुआ। ढेर हुए आतंकी के पास से आईईडी से जुड़ा सामान बरामद हुआ है। इस बीच, सुरक्षा एजेंसियों ने किश्तवाड़ जिले से जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को पनाह, खाना और अन्य मदद पहुंचाने के आरोप में सरकारी स्कूल शिक्षक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

### पीएम मोदी की अपील का असर, शाह और नड्डा ने अपने काफिले में गाड़ी कम कीं

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या आधी की है। उन्होंने यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद लिया है, जिसमें उन्होंने बढ़ती ईंधन कीमतों को देखकर पेट्रोल-डीजल बचत की अपील की थी।इसके पहले पीएम मोदी ने भी हाल ही में गुजरात और असम दौरे पर अपने काफिले को छोटा रखा था और केवल उन्ही गाड़ियों को शामिल किया, जो सुरक्षा के लिहाज से ज़रूरी थीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जहां भी सम्भव हो, काफिले में इलेक्ट्रिक गाड़ियां शामिल करें।

### सीएम सुवेंदु अधिकारी ने भवानीपुर सीट रखी पास, नंदीग्राम छोड़ी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल विधानसभा में बुधवार को नवनिर्वाचित विधायकों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने भवानीपुर सीट अपने पास रखी और नंदीग्राम सीट छोड़ने का फैसला किया। सुवेंदु ने भवानीपुर सीट पर ममता बनर्जी को हराया है।

शपथ लेने के बाद सीएम सुवेंदु ने पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ अपनी पहली बैठक की। इसमें निर्देश दिया कि राज्य में सभी धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं होगा।

### अमूल दूध फिर महंगा- आज से बढ़ेंगे दाम,

अहमदाबाद गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) द्वारा अमूल ब्रांड के तहत बेचे जाने वाले दूध के दामों में एक बार फिर वृद्धि की गई है। फेडरेशन ने विभिन्न दूध उत्पादों की कीमतों में प्रति लीटर रु. 2 तक का इजाफा करने की घोषणा की है। नए दाम 14 मई 2026 से पूरे देश में लागू होंगे। नई दरों के अनुसार, अमूल ताज़ा के 1 लीटर पैक की कीमत में रु. 2 की बढ़ोतरी की गई है,

## मणिपुर में चर्च नेताओं की हत्या- हिंसा, तनाव और राष्ट्रीय राजमार्ग बंद



इंफालमणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को थाडौ बैपटिस्ट एसोसिएशन (टीबीए) के तीन चर्च नेताओं की अज्ञात हथियारबंद लोगों द्वारा गोली मारकर हत्या की गई, जिससे पूरे इलाके में गहरा तनाव और दहशत फैल गई है। इस बर्बर हमले में पांच अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है।

मृतकों की पहचान मणिपुर बैपटिस्ट कन्वेंशन (एमबीसी) के पूर्व महासचिव रेव. वी. सितल्होउ, रेव. वी. कैगौलुन और पास्टर पाओगीलेन के रूप में हुई है। घायल हुए लोगों में रेव. एसएम हाओपु, रेव. हेकाई सिमटे, रेव. पाओथांग और दो ड्राइवर लेलें व गौमांग शामिल हैं। ये सभी चुराचांदपुर जिले के लमका में आयोजित टीबीए सम्मेलन से दो वाहनों में कांगपोकपी लौट रहे थे, तभी कोतजिम और कोतलेन इलाकों के बीच उन पर अचानक फायरिंग की गई, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस जघन्य वारदात के बाद गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (एनएच-2) को पत्थर और लकड़ियां लगाकर अवरुद्ध कर दिया। एनएच-2 मणिपुर को नागालैंड सहित देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसके बंद होने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।मणिपुर में चर्च नेता सिर्फ आध्यात्मिक मार्गदर्शक नहीं होते, बल्कि वे सामाजिक और राजनीतिक मामलों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाली, राहत कार्यों और आदिवासी ईसाई एकता की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से काम करते हैं। कुकी इनपी मणिपुर (केआईएम) ने बताया कि मृतक रेव. वी. सितल्होउ हाल ही में कोहिमा में नागालैंड जॉइंट क्रिश्चियन फोरम (एनजेसीएफ) के साथ शांति और सामुदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने की पहलों में शामिल थे। घटना के विरोध में, कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (केएसओ), चुराचांदपुर जिला ने बुधवार दोपहर 12:30 बजे से अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान किया है। केएसओने इस हमले को निर्दोष टीबीए चर्च नेताओं की हत्या करार देकर राज्य की कानून-व्यवस्था एजेंसियों पर सशस्त्र समूहों की गतिविधियों को नियंत्रित करने में विफल रहने का गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि, आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं, प्रेस और मीडिया, बिजली आपूर्ति तथा धार्मिक कार्यक्रमों को इस बंद से छूट दी गई है।

## बंगाल में किसी भी धार्मिक स्थल, पूजा में तेज आवाज में नहीं बजेंगे लाउडस्पीकर

### -उल्लंघन बर्दाश्त नहीं, शुभेंदु सरकार ने पुलिस विभाग को दिए सख्त निर्देश



कोलकाता,। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के साथ ही लाउडस्पीकर के नियमों को लेकर नई गाइडलाइंस जारी की गई हैं। शुभेंदु अधिकारी सरकार ने पुलिस विभाग को निर्देश दिया है कि किसी भी धार्मिक स्थल, पूजा या सार्वजनिक कार्यक्रम में हाईकोर्ट के मानकों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस को निर्देश दिए कि वे सभी इलाकों में लाउडस्पीकर की आवाज की निगरानी करें। अगर कहीं भी तय डेसिबल से ऊंची आवाज में लाउडस्पीकर बजते पाए गए, तो प्रशासन उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने पुलिस प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा है कि यह नियम सभी पर समान रूप से लागू होगा। चाहे मंदिर हो, मस्जिद, गुरुद्वारा हो या कोई अन्य धार्मिक आयोजन, ध्वनि प्रदूषण से जुड़े कानूनों का पालन हर हाल में करना होगा। राज्य में कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए पुलिस को इन आदेशों को तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

बंगाल सरकार ने जिला प्रशासन को अवैध टोल वसूली पर भी सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि बंगाल के सभी जिलों में, जहां से वाहनों की आवाजाही होती है, ऐसे सभी टोल गेट, ड्रॉप गेट, बैरिकेड वाली संरचनाएं और चालू वसूली केंद्र, जिन्हें पश्चिम बंगाल सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिकृत नहीं किया है, उन्हें तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा। संबंधित जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया गया है कि अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे अनधिकृत टोल और ड्रॉप गेटों की पहचान करें। उन्हें तत्काल बंद करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उचित प्राधिकरण के बिना उन्हें दोबारा स्थापित होने से रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।


## सोनिया गांधी रुटीन चेकअप के बाद घर लौटीं



नई दिल्ली,(ईएमएस) । कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को रूटीन चेकअप के लिए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल पहुंचीं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि जांच के बाद वह घर लौट आई हैं। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी को मंगलवार रात करीब 10:30 बजे मेदांता इंस्टीट्यूट ऑफ डाइजेस्टिव एंड हेपेटोबिलियरी साइंसेज में भर्ती कराया गया था। हालांकि, अस्पताल की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इससे पहले 24 मार्च को बुखार और संक्रमण के कारण उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। वहां वह 7 दिन तक डॉक्टरों की निगरानी में रही थीं।

राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को जनवरी से अब तक तीसरी बार भर्ती होना पड़ा है। इससे पहले मार्च में उन्हें सर गंगाराम अस्पताल ले जाया गया था। पेट में इंफेक्शन से जुड़ी समस्या बताई थी, जिसके इलाज के लिए वह वहां पहुंची थीं। वहीं जनवरी में उन्हें सांस लेने में समस्या हुई थी। यह भी कहा गया था कि दिल्ली में बढ़े हुए प्रदूषण और सर्दी के चलते भी उन्हें यह परेशानी हुई है। जून 2025 में भी सोनिया गांधी को सर

## तमिलनाडु में लॉरी से टकराई तेज रफ्तार कार, पुलिसकर्मी समेत छह की मौत



चेन्नई,(ईएमएस) । तमिलनाडु के तिरुप्पुर जिले के वेल्लाकोविल के पास बुधवार तड़के करूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार कार लॉरी से टकरा गई। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस कांस्टेबल समेत छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना वेल्लाकोविल में करूर राष्ट्रीय राजमार्ग पुलिस चौकी के पास तब हुई जब अधिकारी सड़क के बीच में लगे डिवाइडर से टकराई एक लॉरी को हटाने में लगे थे।

अधिकारियों ने बताया कि उसी सड़क पर तेज रफ्तार से आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो

## सीबीआई डायरेक्टर चयन पर राहुल गांधी की असहमति

बोले- विपक्ष का नेता रब्बर स्टैंपज् नहीं, चयन प्रक्रिया को बताया पक्षपातपूर्ण

नई दिल्ली,(ईएमएस) । प्रधानमंत्री आवास पर मंगलवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नए सीबीआई डायरेक्टर के चयन को लेकर अपनी असहमति जताई है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया को महज औपचारिकता बनाकर रख दिया गया है और विपक्ष की भूमिका को नजरअंदाज किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और राहुल गांधी शामिल हुए। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। बैठक के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पत्र साझा करते हुए चयन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर के चयन के लिए सरकार की ओर से 69 उम्मीदवारों की सूची दी गई, लेकिन उनसे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि उम्मीदवारों की सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट और 360-डिग्री मूल्यांकन रिपोर्ट देने से साफ इनकार कर दिया गया। राहुल ने अपने पत्र में लिखा कि विपक्ष के नेता को चयन समिति में इसलिए शामिल



किया जाता है ताकि संस्थाओं पर किसी एक पक्ष का नियंत्रण न हो और प्रक्रिया निष्पक्ष बनी रहे। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक दस्तावेज और मूल्यांकन रिपोर्ट ही साझा नहीं की जाएंगी, तो विपक्ष की भूमिका केवल रब्बर स्टैंपज् बनकर रह जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि एजेंसी का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और आलोचकों को निशाना बनाने के लिए किया गया है।

## एयर इंडिया ने तीन महीनों के लिए की कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

### -वित्तीय वर्ष में 22,000 करोड़ से ज्यादा का घाटा होने का अनुमान

नई दिल्ली, मध्य पूर्व संकट के कारण जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते एयर इंडिया ने जून की शुरुआत से तीन महीनों के लिए कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को निलंबित करने का फैसला लिया है। कई रिपोर्ट्स में बताया गया है कि दिल्ली से जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कमी की गई है उनमें शिकागो और नेवार्क, सिंगापुर और शंघाई जैसे प्रमुख गंतव्य शामिल हैं। इसके अलावा, एयर इंडिया ने सैन फ्रांसिस्को, पेरिस और टोरंटो जैसे गंतव्यों के लिए भी उड़ानें कम कर दी हैं।



रिपोर्ट्स के मुताबिक कुल मिलाकर एयरलाइन ने रोज करीब 100 उड़ानों को कम किया है। एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने पिछले सप्ताह कहा था कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते एयरलाइन अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में कटौती जारी रखेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बढ़ते वित्तीय दबाव और परिचालन संबंधी चुनौतियों का सामना करते हुए, एयर इंडिया ने अपने आंतरिक अनुपालन और लागत नियंत्रण उपायों को और कड़ा कर दिया है। एयरलाइन ने पिछले तीन सालों में नैतिक कदाचार और नीतिगत उल्लंघनों के लिए 1,000 से ज्यादा कर्मचारियों को बर्खास्त किया है।

यह खुलासा विल्सन ने पिछले सप्ताह कर्मचारियों के साथ एक टाउन हॉल बैठक में किया। विल्सन ने कर्मचारियों को बताया कि एयरलाइन ने कई उल्लंघनों में शामिल कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है, जिनमें एम्प्लॉई लीजर ट्रैवल सिस्टम का दुरुपयोग, विमान से सामान की तस्करी और उचित शुल्क के बिना अतिरिक्त सामान ले जाने की अनुमति देना शामिल है। एयरलाइन की यह सख्त कार्रवाई ऐसे समय में हो रही है जब वह गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है।एयर इंडिया समूह, जिसमें एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस शामिल हैं, मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में 22,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का घाटा होने का अनुमान है।टाटा समूह के तहत व्यापक पुनर्गठन और सुधार प्रयासों के तहत, एयरलाइन ने पहले ही कई लागत-बचत उपाय शुरू कर दिए हैं। इनमें कर्मचारियों के वार्षिक वेतन वृद्धि को रोकना, विवेकाधीन खर्चों में कटौती करना और सभी विभागों में गैर-जरूरी खर्चों को कम करना शामिल है।

## भारत के पास 60 दिन का कच्चा तेल, 45 दिन का एलपीजी स्टॉक

### -मंत्री पुरी बोले- अफरा-तफरी मचाना बेकार, पीएम की बातें ध्यान से सुनें

नई दिल्ली, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत के पास 60 दिन का कच्चा तेल, 60 दिन की एलएनजी और 45 दिन की एलपीजी का स्टॉक है। सप्लाई के मामले में कोई दिक्कत नहीं है। पुरी ने दिल्ली में आयोजित सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट में पीएम मोदी की बचत की अपील का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पीएम ने दो दिन पहले जो बातें कही हैं। उसको लेकर अफरा-तफरी मचाना बेकार है। पीएम की बातों को ध्यान से सुनें। उसका मनगढ़ंत मतलब न निकालें।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी लगातार दो दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो पेट्रोल डीजल का इस्तेमाल कम करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें। विदेशी यात्राओं से बचें। हरदीप पुरी ने समिट में कहा कि सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा सप्लाई में आई रुकावटों को बोझ आम जनता पर पड़ने नहीं दिया है। तेल कंपनियों को हर दिन 1,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है,

## शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। इसी के साथ ही इस सप्ताह की शुरुआत से ही जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। बाजार में बढ़त दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई 49.74 अंक बढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स ने 74,134.48 का निचला और 75,191.57 का ऊपरी स्तर छुआ जिससे उतार-चढ़ाव का अंदाज होता है। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33.05 अंक ऊपर आकर 23,412.60 अंक पर बंद हुआ।

## कोल इंडिया करेगी वैश्विक खनिज का विस्तार

नई दिल्ली। सरकारी खनन दिग्गज कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) अपने पारंपरिक कोयला कारोबार से आगे बढ़कर वैश्विक महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में एक बड़ी तैयारी कर रही है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में चिली और सिंगापुर में सहायक इकाइयां स्थापित करने की योजना बनाई है, जिसका लक्ष्य लीथियम, रेयर अर्थ और तांबे जैसे रणनीतिक खनिजों में अवसरों की तलाश करना है। सीआईएल कध्कि अ?धिकारी ने बताया कि कंपनी ने चिली में एक लीथियम ब्लॉक की पहचान की है और वह चिली सरकार की अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रही है।

## लाइसेंस राज होगा खत्म, सरकार लाएगी अगली पीढ़ी के बड़े सुधार- नीति आयोग

नई दिल्ली। नीति आयोग के एक सदस्य ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक सम्मेलन में घोषणा की कि सरकार लाइसेंस राज के नए अवतारों को समाप्त करने और व्यापार सुगमता के लिए अगली पीढ़ी के सुधारों को लागू कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 1991 के सुधारों ने औद्योगिक लाइसेंसिंग को खत्म किया, लेकिन लाइसेंस राज को नहीं। आज किसी भी कारोबार के लिए आवश्यक हर अनावश्यक परमिट लाइसेंस राज का ही एक रूप है।

सरकार अब जब तक मना न हो तब तक अनुमति है के सिद्धांत पर आगे बढ़ेगी। सुधारों का उद्देश्य नियामक हस्तक्षेप से व्यवस्था को मुक्त करना है।

## ब्लैक बॉक्स ने 2एस इनोवाकोएस का अधिग्रहण किया

नई दिल्ली । एस्सार ग्रुप की आईटी कंपनी ब्लैक बॉक्स ने बुधवार को ब्राजील स्थित सिस्टम इंटीग्रेटर 2एस इनोवाकोएस टेक्नोलॉजियास एसए के अधिग्रहण को पूरा करने की घोषणा की। कंपनी को उम्मीद है कि इस अधिग्रहण से उसके वार्षिक राजस्व में 500 करोड़ रुपए का इजाफा होगा, जो वैश्विक विकास और लातिन अमेरिकी बाजार में उसकी स्थिति को मजबूत करेगा।

# सोने पर शुल्क वृद्धि से तस्करी बढ़ेगी, निर्यात घटेगा- जीजेईपीसी

### - आयात शुल्क बढ़ने पर उद्योग ने जताई आपत्ति, कहा- एमएसएमई पर पड़ेगा गंभीर असर



नई दिल्ली । रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने सरकार द्वारा सोने, चांदी और प्लेटिनम पर आयात शुल्क में की गई हालिया वृद्धि का कड़ा विरोध किया है। परिषद ने बुधवार को कहा कि यह कदम न केवल कीमती धातुओं की कीमतें बढ़ाएगा, बल्कि तस्करी को बढ़ावा देगा और देश के निर्यात कारोबार के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को गंभीर नकदी संकट में धकेल देगा। जीजेईपीसी ने सरकार से इस मुद्दे पर उद्योग के हितधारकों के साथ तत्काल बातचीत कर एक स्थायी समाधान खोजने की अपील की है। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है, जबकि प्लेटिनम पर यह कर 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 15.4 प्रतिशत हो गया है। जीजेईपीसी ने इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि अतीत में यह देखा गया है कि आयात शुल्क बढ़ाने से शायद ही कभी सोने का आयात घटता है; इसके बजाय यह केवल कीमतें बढ़ाता है। परिषद ने इस बात पर जोर दिया कि हाल के समय में सोने की कीमतें दोगुनी होने के बावजूद आयात उसी अनुपात में कम नहीं हुआ है। जीजेईपीसी ने आशंका जताई है कि उच्च शुल्क से तस्करी को बढ़ावा मिलेगा और निर्यात की लागत में वृद्धि होगी। परिषद के अनुसार, निर्यातकों को अब नामित एजेंसियों से शुल्क-मुक्त सोना लेने पर प्रति किलोग्राम 28-30 लाख रुपये की बैंक गारंटी देनी पड़ रही है, जिससे उनकी कार्यशील पूंजी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इस निर्णय का सबसे गंभीर असर एमएसएमई विनिर्माताओं पर पड़ेगा, जो परिषद के 80 प्रतिशत सदस्य हैं और पहले से ही गंभीर नकदी संकट का सामना कर रहे हैं। सरकार के इस फैसले पर परिषद ने प्रमुख खुदरा विक्रेताओं और विनिर्माताओं के साथ बैठकें की हैं।

### सोने-चांदी पर बढ़ाई सरकार ने कस्टम ड्यूटी

केंद्र सरकार ने सोने-चांदी और ज्वेलरी से जुड़े आयातित सामानों पर कस्टम ड्यूटी बढ़ा दी है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी नई दरों के अनुसार, सोने-चांदी से संबंधित कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क 4.35 फीसदी से बढ़ाकर 10 फीसदी कर दिया गया है। वहीं, आभूषण निर्माण में इस्तेमाल होने वाले छोटे पार्ट्स और फाइंडिंग्स पर 5 फीसदी आयात शुल्क लगाया जाएगा।

# पाम तेल की अगुवाई में भारत का वनस्पति तेल आयात 13 फीसदी उछला

### - तेल वर्ष की पहली छमाही में 79.4 लाख टन पहुंचा आयात




नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल उपभोक्ता भारत का वनस्पति तेल आयात तेल वर्ष 2025-26 के पहले छह महीनों (नवंबर-अप्रैल) में 13 प्रतिशत बढ़कर 79.4 लाख टन हो गया है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पाम तेल की खेप में हुई भारी वृद्धि इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 70.4 लाख टन से अधिक है। इस अवधि में आयात का कुल मूल्य सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 87,000 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष 73,000 करोड़ रुपये था। कुल आयात में 78.2 लाख टन खाद्य तेल और 1.21 लाख टन गैर-खाद्य तेल शामिल है। एसईए के आंकड़ों के मुताबिक, पाम तेल का आयात लगभग दोगुना होकर 27.4 लाख टन से 39.7 लाख टन पर पहुंच गया। वहीं, सोया तेल और सूरजमुखी तेल जैसे नरम तेलों की खेप 41.3 लाख टन से घटकर 38.5 लाख टन रह गई। इंडोनेशिया और मलेशिया पाम तेल के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं, जबकि अर्जेंटीना व ब्राजील सोया तेल तथा रूस व यूक्रेन सूरजमुखी तेल के मुख्य स्रोत बने हुए हैं। पिछले एक वर्ष में खाद्य तेलों की कीमतों में 14 से 22 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, डॉलर के मुकाबले रुपये में 9.2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट ने आयात लागत को और बढ़ा दिया है, जिसे आयातकों और रिफाइनरों के लिए चिंता का विषय बताया गया है। इसी अवधि में नेपाल ने भी भारत को लगभग 2.17 लाख टन परिष्कृत तेल, मुख्य रूप से सोया तेल, निर्यात किया। मई 2026 तक कुल वनस्पति तेल भंडार बढ़कर 21.2 लाख टन हो गया है, जो तेल वर्ष की दूसरी छमाही में बेहतर आपूर्ति का संकेत देता है।

### रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 2 पैसे की गिरावट के साथ ही अपने सबसे निचले स्तर 95.70 पर बंद हुआ। आज शुरुआती कारोबार में रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 16 पैसे उछलकर 95.52 प्रति डॉलर की मांग में कमी के आसार से घरेलू मुद्रा को बल मिला है।

# सरकारी बैंकों का वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 1.98 लाख करोड़ का मुनाफा

### - एसबीआई समेत प्रमुख बैंकों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, एनपीए में भी ऐतिहासिक गिरावट




नई दिल्ली। देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2025-26 में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इन 12 सरकारी बैंकों ने रिकॉर्ड 1.98 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 11.12 प्रतिशत अधिक है। यह लगातार चौथा वित्त वर्ष है जब सरकारी बैंकों ने मुनाफा कमाकर अपनी वित्तीय स्थिरता और क्षमता का प्रदर्शन किया है। वित्त मंत्रालय ने इस उपलब्धि को बेहतर कारोबारी विस्तार और सुधरी हुई परिसंपत्ति गुणवत्ता का परिणाम बताया है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, सरकारी बैंकों का मुनाफा वित्त वर्ष 2024-25 में 1.78 लाख करोड़ रुपये था, जिसमें अब और भी बढ़ोतरी हुई है। यह लाभप्रदता का सिलसिला वित्त वर्ष 2022 में 66,543 करोड़ रुपये के लाभ के साथ शुरू हुआ था और लगातार बढ़ता जा रहा है।

देश के सबसे बड़े बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), ने वित्त वर्ष 2026 में अभी तक का सर्वाधिक शुद्ध सालाना लाभ 80,032 करोड़ रुपये दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 12.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा ने 20,021 करोड़ रुपये और पंजाब नेशनल बैंक ने 16,904 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है।

मंत्रालय ने बताया कि यह मजबूत वित्तीय प्रदर्शन निरंतर व्यावसायिक वृद्धि, बेहतर संपत्ति गुणवत्ता, रिकॉर्ड लाभप्रदता और मजबूत पूंजी स्थिति का प्रतीक है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था की तेजी से बढ़ती ऋण जरूरतों को पूरा करने में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की मजबूती प्रदर्शित होती है। देश के 12 सरकारी बैंकों ने वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 1.98 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

# हुंडई की दो नई एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी



नई दिल्ली। भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में हुंडई मोटर इंडिया कंपनी अपनी एसयूवी लाइनअप को और मजबूत करने जा रही है। इसी क्रम में हुंडई मोटर इंडिया दो नई एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी में है, जिनमें से एक वेन्यू और क्रेटा के बीच के सेगमेंट में एक बिल्कुल नई मिड-साइज एसयूवी होगी।

यह नया मॉडल विशेष रूप से यूरोप में सफल हुंडई बेयोन पर आधारित होगा, जिसे भारतीय ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार अनुकूलित किया जाएगा, जिससे वह सेगमेंट में एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरेगी। इस नई एसयूवी का डिजाइन हुंडई की प्रशंसित सेंसुअस स्पोर्टिनेस डिजाइन भाषा पर आधारित होगा, जिसमें स्प्लिट एलईडी हेडलाइट्स, आकर्षक 16 इंच के डायमंड कट अलॉय व्हील्स और कनेक्टेड टेललाइट्स जैसे आधुनिक फीचर्स देखने को मिल सकते हैं।

एक बड़ा आकर्षण यह हो सकता है कि हुंडई इसमें सीएनजी विकल्प भी पेश कर सकती है, जो इसे इस श्रेणी की पहली हुंडई कार बना देगा और ईंधन दक्षता चाहने वाले ग्राहकों के लिए एक बढ़िया विकल्प प्रदान करेगा। इंजन विकल्पों में, इसमें 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ मैनुअल और सीवीटी गियरबॉक्स का विकल्प मिलेगा।

इसके अलावा, कंपनी एक नया 1.2 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन भी पेश कर सकती है, जो बेहतर प्रदर्शन और ड्राइविंग अनुभव प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, हुंडई भारत में अपनी प्रीमियम एसयूवी हुंडई पैलिसेड को भी लॉन्च करने की योजना बना रही है, जो टोयोटा फॉर्च्यूनर जैसी स्थापित एसयूवी को चुनौती देगी।

यह मॉडल 2028 तक भारतीय सड़कों पर उतरने की उम्मीद है, जिससे हुंडई की एसयूवी रणनीति की व्यापकता स्पष्ट होती है। भारतीय बाजार में इस नई मिड-साइज एसयूवी का सीधा मुकाबला मारुति की आगामी एसयूवी और अन्य कॉम्पैक्ट मॉडलों से होगा, जिससे इस प्रतिस्पर्धी सेगमेंट में ग्राहकों के लिए और भी बेहतर विकल्प उपलब्ध होंगे।

# अर्टिगा ने सबको पछाड़कर हासिल किया नंबर 1 स्थान



नई दिल्ली। अप्रैल 2026 में मारुति सुजुकी ने भारतीय 7-सीटर सेगमेंट में बाजी मार ली है। बिक्री के मामले में एमपीवी अर्टिगा ने सबको पछाड़कर नंबर 1 स्थान हासिल किया। बीते महीने अप्रैल में कुल 19,063 अर्टिगा यूनिट्स की बंपर सेल हुई, जो पिछले साल के मुकाबले 20.8 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्शाती है।

दमदार प्रदर्शन के दम पर अर्टिगा ने एमपीवी सेगमेंट में 22.6 प्रतिशत की बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल की। महिंद्रा के मॉडल भी बाजार में मजबूत उपस्थिति बनाए हुए हैं। स्कॉर्पियो सीरीज (स्कॉर्पियो-एन और स्कॉर्पियो क्लासिक) ने 14,719 यूनिट्स बेचकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, हालांकि इसकी बिक्री में 5.2 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं, महिंद्रा बोलेरो 8,917 यूनिट्स की सेल के साथ चौथे नंबर पर रही, जिसकी बिक्री में 6.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सह और एक्सयूवी 700 की संयुक्त बिक्री 8,630 यूनिट रही, जिससे इन्हें पांचवां स्थान मिला। इनकी बिक्री में 26.7 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो प्रीमियम 7-सीटर एसयूवी की बढ़ती मांग को दिखाती है। महिंद्रा के इन चारों मॉडलों की कुल 35,508 यूनिट बिकीं, जो शीर्ष 10 की कुल बिक्री का करीब 42 प्रतिशत है।

टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस और क्रिस्टा ने संयुक्त रूप से 9,630 यूनिट बेचकर तीसरा स्थान पाया। क्रिस्टा की बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 25.1 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई है। अर्टिगा के रीबैज्ड वर्जन, टोयोटा रुमियन ने 2,585 यूनिट्स बेचकर नौवां स्थान हासिल किया। फॉर्च्यूनर की मांग में कमी आई, 2,253 यूनिट्स के साथ यह 10वें स्थान पर रही, जिसमें 22.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। किआ कैरेंस और क्लैविस ने 5,465 यूनिट्स बेचकर छठा स्थान हासिल किया, जिसमें 3.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। महिंद्रा एक्सईवी 9एस ने 3,242 यूनिट्स की सेल के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया। मारुति सुजुकी एक्सएल6 की 3,527 यूनिट्स बिकीं, जो सातवें स्थान पर रही।

# किआ सिरोस के अपडेटेड मॉडल को बाजार में उतारने की तैयारी



नई दिल्ली। अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी किआ सिरोस के अपडेटेड 2026 मॉडल को किआ मोटर्स ने बाजार में उतारने की पूरी तैयारी कर ली है। नए मॉडल में कई नए वैरिएंट्स, आकर्षक रंग विकल्प और महत्वपूर्ण फीचर बदलाव शामिल किए गए हैं। किआ ने सिरोस लाइनअप में एचटीई, एचटीई (ओ), एचटीके प्लस (ओ) और एचटीएक्स (ओ) जैसे कई नए वैरिएंट्स जोड़े हैं। इसके साथ ही, ग्राहकों को आइवरी सिल्वर मैट, आइवरी सिल्वर ग्लॉस और मैग्मा रेड जैसे नए और ताज़ा रंग विकल्प भी उपलब्ध होंगे। नई सिरोस के एक्सटीरियर को हल्के फुल्के बदलावों के साथ नया रूप दिया गया है। इसमें अब नए डिजाइन वाले फ्रंट और रियर बंपर, ब्लैक इंसर्ट्स और हॉरिजॉन्टल एलईडी फॉग लैंप दिए गए हैं। इसके अलावा, 17 इंच के नए अलॉय व्हील और नियॉन फिनिश वाले ब्रेक कैलिपर्स इसकी स्पोर्टी अपील को और बढ़ाते हैं। हालांकि, कंपनी ने कुछ प्रीमियम फीचर्स को हटाकर कीमत को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने की कोशिश की है। अब कुछ चुनिंदा वैरिएंट्स में एडीएएस (एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम), 360 डिग्री कैमरा, एम्बिएंट लाइटिंग और वन टच पावर विंडो जैसे फीचर्स नहीं मिलेंगे।

मैकेनिकल स्तर पर एसयूवी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें पहले की तरह ही दमदार 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल और कुशल 1.5 लीटर डीजल इंजन विकल्प दिए जाएंगे। दोनों इंजन मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ उपलब्ध होंगे, जो ग्राहकों को अपनी पसंद चुनने की सुविधा देंगे। नई किआ सिरोस की एक्स-शोरूम कीमत 8.40 लाख रुपये से शुरू होकर 15.80 लाख रुपये तक जाएगी। कंपनी पुराने मॉडल ईयर 2025 पर ग्राहकों को 50 हजार रुपये तक के आकर्षक बेनिफिट भी दे रही है, जिसमें कैश डिस्काउंट, एक्सचेंज बोनस और स्क्रैपेज बोनस शामिल हैं।

# आयात शुल्क बढ़ने से सोना चमका, चांदी फिर 3 लाख के पार

### - घरेलू वायदा में सोना 9,900 और चांदी 17,700 रुपए से अधिक महंगी




नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोने-चांदी के आयात को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से इनके आयात शुल्क को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर सीधा 15 प्रतिशत कर दिया है। इस बड़े फैसले के तुरंत बाद बुधवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय वायदा बाजारों में दोनों कीमती धातुओं के भावों में असाधारण तेजी दर्ज की गई, जिससे निवेशकों और कारोबारियों में हलचल मच गई। केंद्र सरकार द्वारा आयात शुल्क बढ़ाने के निर्णय के कारण बुधवार को कीमती धातुओं के वायदा भाव में रिकॉर्ड तोड़ तेजी देखने को मिली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट 1,409 रुपये की मजबूत तेजी के साथ 1,54,851 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 9,939 रुपये की भारी उछाल के साथ 1,63,381 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। दिन के दौरान इसने 1,64,497 रुपये का उच्च स्तर छुआ। चांदी के वायदा भाव में भी जोरदार तेजी देखी गई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 11,162 रुपये की बढ़त के साथ 2,80,229 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला। थोड़ी ही देर में यह 17,777 रुपये की जबरदस्त उछाल के साथ 2,96,839 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। इस दौरान चांदी ने 3,01,429 रुपये का दिन का उच्च स्तर छूकर 3 लाख रुपये के आंकड़े को पार किया, जो बाजार में मजबूत सेंटिमेंट को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के भावों में तेजी बनी रही। कॉमेक्स पर सोना 15.90 डॉलर बढ़कर 4,702.60 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

# भारत में डीएपी खाद 40 फीसदी हुई महंगी, किसानों पर बढ़ा बोझ




मुंबई। मध्य-पूर्व में जारी भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर अब भारतीय कृषि पर दिखने लगा है। देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण उर्वरक डायअमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की खरीद लगभग 40 प्रतिशत अधिक कीमत पर करनी पड़ रही है, जिससे मानसून से पहले किसानों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ने की आशंका है। फरवरी में करीब 667 डॉलर प्रति टन मिलने वाला डीएपी अब भारत को 930 से 935 डॉलर प्रति टन की दर से खरीदना पड़ रहा है। इंडियन पोटाश लिमिटेड ने पश्चिमी और पूर्वी तटों के लिए कुल 13 लाख टन से अधिक डीएपी खरीदने का समझौता किया है। इस भारी मूल्य वृद्धि का मुख्य कारण मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में संभावित आपूर्ति बाधा है, क्योंकि फॉस्फेट उर्वरकों में इस्तेमाल होने वाले सल्फर की बड़ी आपूर्ति इसी क्षेत्र से होती है। उर्वरकों की बढ़ती कीमत सीधे खेती की लागत बढ़ाएगी। यदि सरकार सब्सिडी में पर्याप्त वृद्धि नहीं करती है, तो धान, मक्का और सोयाबीन जैसी फसलों की बुवाई की तैयारी कर रहे किसानों को बड़ा झटका लगेगा। गौरतलब है कि भारत ने हाल ही में लगभग 25 लाख टन यूरिया भी दोगुनी कीमत पर खरीदा है। यदि उर्वरकों की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं, तो आने वाले समय में आटा, चावल और दाल जैसी आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि हो सकती है, जिससे आम उपभोक्ता भी प्रभावित होगा। हालांकि, अंतिम प्रभाव सरकारी सब्सिडी और वैश्विक हालात पर निर्भर करेगा।

# पश्चिम एशिया संकट से भारत के भुगतान संतुलन पर बढ़ा दबाव

### - तेल कंपनियों के भारी नुकसान और पर्याप्त ईंधन भंडार पर दिया जोर



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक वास्तविक दबाव परीक्षण है, जिसका भुगतान संतुलन, मुद्रास्फीति और चालू खाते पर सीधा असर पड़ रहा है। यह बात वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने आज कही। उन्होंने इस स्थिति को अस्थायी नहीं बल्कि ढांचागत बताया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में नागेश्वरन ने कहा कि चालू खाते का विश्वसनीय प्रबंधन, वित्तपोषण और विनिमय दर में गिरावट रोकना वित्त वर्ष 2026-27 की प्रमुख आर्थिक अनिवार्यताएं होंगी। उन्होंने बताया कि यह संकट दुनिया के अहम ऊर्जा गलियारों में लगातार आ रही रुकावट का नतीजा है।

अधिकतर अर्थशास्त्रियों ने वित्त वर्ष 2027 के लिए भारत के चालू खाते के घाटे का अनुमान सकल घरेलू उत्पाद के 1.5 फीसदी से 2.4 फीसदी तक बढ़ा दिया है।

हालांकि, भारत की मजबूत राजकोषीय नीति और बुनियादी ढांचा निवेश मौजूदा संघर्ष से निपटने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं। एक अलग सत्र में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संकेत दिया कि ईंधन की कीमतें बढ़ सकती हैं, लेकिन किसी भी बढ़ोतरी का फैसला चुनावों से जुड़ा नहीं होगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के कारण तेल मार्केटिंग कंपनियों को प्रतिदिन 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, जिससे इस तिमाही में उनकी अंडर-रिकवरी 2 लाख करोड़ रुपये और नुकसान 1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। यह नुकसान पिछले साल के पूरे मुनाफे को खत्म कर सकता है।

## अमेरिका-चीन जी2 राजनीति से वैश्विक ध्रुवीकरण की आशंका

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीजिंग दौरे और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी प्रस्तावित शिखर वार्ता ने वैश्विक राजनीति में 'जी2' यानी अमेरिका-चीन के साझा प्रभुत्व की बहस को फिर से गरमा किया है। इस दो दिवसीय दौरे को मात्र एक राजनयिक भेंट नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन के एक अहम संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। हाल के महीनों में कई अंतरराष्ट्रीय घटनाओं पर चीन की संयमित प्रतिक्रिया ने इस बहस को और हवा दी है। वेनेजुएला विवाद और ईरान युद्ध जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चीन ने खुलकर अमेरिका का विरोध करने से परहेज किया है।

## अमेरिका हर हाल में जीतेगा जंग, चीन रवाना होने से पहले बोले ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी जंग अमेरिका हर हाल में जीतेगा। चीन रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि ईरान या तो समझौता करेगा या फिर तबाह हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका के पास हालात संभालने के लिए हर विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी बातचीत में ईरान युद्ध और होर्मुज संकट पर भी चर्चा करेंगे। हालांकि, व्यापार बैठक का मुख्य मुद्दा रहेगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने 74 दिनों की जंग में अब तक कम से कम 29 अरब डॉलर खर्च किए हैं। यह रकम सिर्फ हथियारों और सैन्य उपकरणों पर खर्च हुई है।

## श्रीलंका में डेंगू का कहर बढ़ा, जनवरी से अब तक 14 लोगों की मौत

कोलंबो। श्रीलंका में डेंगू का कहर बढ़ता ही जा रहा है। जनवरी 2026 से अब तक इस संक्रमण से 14 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 27,754 मामले दर्ज किए गए हैं। श्रीलंका के स्वास्थ्य महकमे का कहना है कि देश के सभी 25 जिलों से संक्रमण रिपोर्ट हो रही हैं। राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई ने बताया कि 2025 की तुलना में संख्या बढ़ी है। सबसे ज्यादा संक्रमण पश्चिमी प्रांत में हैं, जबकि मातारा, गाले, रत्नापुरा, कालुतारा और कैंडी में भी 2026 के पहले चार महीनों में बड़ी संख्या में लोग इससे पीड़ित हुए। राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई की सामुदायिक चिकित्सा विशेषज्ञ प्रिस्किला समरवीरा ने कहा कि मानसून की बारिश से संक्रमण और फैल सकता है।

## कुवैत का दावा- ईरान ने चीन समर्थित अहम पोर्ट को निशाना बनाया

कुवैत। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच, कुवैत ने ईरान पर एक बड़ा आरोप लगाया है। कुवैत का दावा है कि ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े लोगों ने चीन की मदद से बन रहे महत्वपूर्ण पोर्ट प्रोजेक्ट को टारगेट करने की कोशिश की। यह घटना 1 मई को फारस की खाड़ी में स्थित बुबियान आइलैंड पर हुई, जहां मुबारक अल कबीर पोर्ट का निर्माण हो रहा है। यह पोर्ट चीन की वैश्विक बेल्ट एंड रोड पहल का हिस्सा है।

### ट्रंप के दौरे से पहले चीन ने अमेरिका को दी कड़ी चेतावनी

# हमारी 4 रेडलाइन को चुनौती मत देना



बीजिंग। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बहुप्रतीक्षित चीन दौरे पर बीजिंग पहुंच गए हैं, जिस पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। ईरान संकट के बीच यह यात्रा न केवल तात्कालिक मुद्दों को संबोधित करेगी, बल्कि आने वाले कई सालों तक अमेरिका-चीन संबंधों की नींव भी रखेगी। ट्रंप के साथ अमेरिकी कारोबारियों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी चीन जा रहा है। यात्रा से ठीक पहले, चीन ने अमेरिका को एक स्पष्ट चेतावनी देकर अपनी चार रेडलाइन बता दी हैं, जिन्हें चुनौती न देने को कहा गया है।

चीन के अमेरिकी दूतावास ने इन चार रेडलाइन का विस्तृत ब्यौरा दिया है। पहली और सबसे महत्वपूर्ण रेडलाइन ताइवान का मुद्दा है। चीन दृढ़ता से कहता है कि ताइवान उसका अभिन्न अंग है और जरूरत पड़ने पर वह बलपूर्वक भी उस पर कब्जा करने से पीछे नहीं हटेगा। यह स्थिति इसलिए संवेदनशील है क्योंकि ताइवान की अमेरिका के साथ रक्षा संधि है, और जापान व फिलीपींस जैसे अमेरिकी सहयोगी देश चीनी दावे को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानते हैं।

दूसरी रेडलाइन लोकतंत्र और मानवाधिकारों से जुड़ी है। अमेरिका अक्सर चीन पर मानवाधिकारों के उल्लंघन, विशेषकर उइगुर बहुल शिनजियांग प्रांत में दमनकारी नीतियों को लेकर आरोप लगाता रहता है। तीसरी रेडलाइन चीन की एकल-पार्टी कम्युनिस्ट राजनीतिक व्यवस्था है, जबकि चौथी और अंतिम रेडलाइन चीन के विकास के अधिकार से जुड़ी है। चीन ने साफ किया है कि इन चारों को किसी भी कीमत पर चुनौती नहीं दी जानी चाहिए।

दूसरी ओर, चीन रवाना होने से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शी जिनपिंग के साथ अपने संबंधों की जमकर तारीफ की। उन्होंने उम्मीद जाहिर कि यह यात्रा व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और ईरान संकट जैसे अहम वैश्विक मुद्दों पर बेहतरीन बातचीत का मंच बनेगी। व्हाइट हाउस से प्रस्थान करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन दुनिया की दो सबसे बड़ी ताकतें हैं और उनके द्विपक्षीय संबंध मजबूत और स्थिर हैं। ट्रंप ने कहा, राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरे रिश्ते शानदार हैं, और हम हमेशा अच्छी तरह साथ रहे हैं। चीन के साथ काम करना बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि शिखर वार्ता में व्यापार सबसे बड़ा मुद्दा रहेगा। ट्रंप ने इसका खुलासा किया कि जिनपिंग इस साल के अंत तक अमेरिका का दौरा कर सकते हैं। ईरान संकट पर चीन की संभावित भूमिका का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा कि यदि शी जिनपिंग इस मामले में मदद करते हैं, तो उसका स्वागत होगा। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि अमेरिका स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित कर रहा है और ईरान सैन्य रूप से कमजोर हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अमेरिका-चीन आर्थिक संबंधों को दोनों देशों के लिए फायदेमंद बताया। उन्होंने कहा, हम चीन के साथ बहुत बड़ा व्यापार करते हैं।

## ईरान संकट में फंसा पाकिस्तान: अमेरिका का अविश्वास, चीन का समर्थन



वाशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव में मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहा पाकिस्तान अब खुद मुश्किल कूटनीतिक स्थिति में फंस गया है। उस पर ईरान को गुप्त समर्थन देने के आरोप लगे हैं, इसकारण इस्लामाबाद अब चीन और अमेरिका की डिप्लोमेसी के बीच फंसता दिख रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान ने कथित तौर पर ईरानी सैन्य विमानों को अपने नूर खान एयरबेस का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी, ताकि वे संभावित अमेरिकी हमलों से बच सकें। हालांकि, पाकिस्तान ने इन दावों को भ्रामक और सनसनीखेज बताकर खारिज किया है। लेकिन इस मुद्दे ने अमेरिकी राजनीति में हलचल मचा दी है। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने खुले तौर पर पाकिस्तान पर अविश्वास जाहिर किया है। उन्होंने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से सीधे सवाल किया कि अगर पाकिस्तान सच में ईरानी विमानों को अपने एयरबेस पर जगह दे रहा है, तब क्या पाकिस्तान को एक निष्पक्ष मध्यस्थ माना जा सकता है। ग्राहम ने कहा कि उन्हें पाकिस्तान पर बिल्कुल भरोसा नहीं और शायद इसी वजह से शांति वार्ता आगे नहीं बढ़ पा रही। हेगसेथ ने इस पर सीधा जवाब देने से परहेज किया, लेकिन ग्राहम ने वॉशिंगटन में पाकिस्तान की भूमिका को लेकर गंभीर संदेह पैदा होने की बात साफ कर दी। दूसरी ओर, चीन लगातार पाकिस्तान का समर्थन करता दिख रहा है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार से फोन पर बातचीत के दौरान पाकिस्तान की मध्यस्थता की कोशिशों की तारीफ कर कहा कि बीजिंग उसके क्षेत्रीय शांति बहाल करने के प्रयासों का समर्थन करता रहेगा। चीन की यह दिलचस्पी होर्मुज स्ट्रेट में जारी तनाव से उपजी है, जो ईरानी तेल के बड़े खरीदार चीन की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करता है। ऐसे में बीजिंग चाहता है कि हालात काबू में रहें और तेल सप्लाई सामान्य हो सके। उधर, पाकिस्तान खुद को एक जिम्मेदार मध्यस्थ के तौर पर पेश करने की कोशिश कर रहा है, जिसका कहना है कि उसने सिर्फ कूटनीतिक और प्रशासनिक सहयोग दिया था ताकि वार्ता प्रक्रिया चल सके। लेकिन अमेरिका में उठते सवालों ने उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अब पाकिस्तान ऐसे नाजुक हालात में फंस गया है,।

## पाकिस्तान के कारनामे से अमेरिका में हड़कंप



वॉशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पाकिस्तान का दोहरा चेहरा एक बार फिर दुनिया के सामने आ गया है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी भीषण तनाव के बीच यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान ने तेहरान की गुप्त रूप से मदद की है। सैटेलाइट तस्वीरों और अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के हवाले से यह दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने ईरान के फाइटर जेट्स को अमेरिकी हवाई हमलों से बचाने के लिए अपने नूर खान एयरबेस पर छिपा कर रखा। इस खुलासे के बाद वाशिंगटन में हड़कंप मच गया है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के लिए यह किसी बड़े झटके से कम नहीं है।

खबरों के मुताबिक, अप्रैल की शुरुआत में जब राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की थी, उसी के कुछ दिनों बाद तेहरान ने अपने कई सैन्य विमान रावलपिंडी के निकट स्थित इस रणनीतिक एयरबेस पर भेज दिए थे। पाकिस्तान, जो इस युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका निभाने का दावा कर रहा था, वास्तव में पर्दे के पीछे से ईरान का सुरक्षा कवच बना हुआ था। विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान की यह हरकत 55 साल पुराने उस कर्ज को चुकाने की कोशिश है, जो ईरान ने 1971 के युद्ध के दौरान पाकिस्तान पर किया था। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय ईरान के शाह मोहम्मद रजा पहलवी ने संकट में घिरे पाकिस्तान की खुलकर मदद की थी। उस समय ईरान ने न केवल पाकिस्तान को ईंधन और गोला-बारूद दिया था, बल्कि भारतीय हमलों से बचाने के लिए पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को अपने बेस पर शरण भी दी थी। आज 55 साल बाद इतिहास खुद को दोहरा रहा है, बस भूमिकाएं बदल गई हैं। अब ईरान संकट में है और पाकिस्तान उसे अपने हवाई अड्डों पर जगह देकर पुराना एहसान लौटा रहा है।

हालांकि, आज की भू-राजनीतिक स्थिति 1971 से बिल्कुल अलग है। उस समय अमेरिका खुद ईरान के जरिए पाकिस्तान की मदद कर रहा था, लेकिन आज अमेरिका और ईरान कट्टर दुश्मन हैं। पाकिस्तान का यह कदम अमेरिका के साथ उसके रिश्तों में बड़ी दरार डाल सकता है।

## ब्रिटेन में सियासी भूचाल- पीएम स्टॉर्मर पर कुर्सी छोड़ने का दबाव, मंत्री ने छोड़ा पद



लंदन। ब्रिटेन वर्तमान में एक बड़े राजनीतिक संकट की चपेट में है, जहां प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर पर इस्तीफा देने का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। उनकी लेबर सरकार को तब गहरा झटका लगा जब आवास मंत्री मियाटा फानबुले ने पद छोड़ दिया। हालांकि, स्टॉर्मर ने साफ किया है कि वह अपनी कुर्सी नहीं छोड़ने वाले और सरकार का कामकाज जारी रखूंगा। डाउनिंग स्ट्रीट से जारी बयान के अनुसार, स्टॉर्मर ने कैबिनेट बैठक में कहा कि पार्टी के भीतर नेतृत्व चुनौती की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि देश इस अस्थिरता के आर्थिक प्रभावों को महसूस कर रहा है, लेकिन जनता सरकार से काम जारी रखने की उम्मीद करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लेबर पार्टी में नेता को चुनौती देने की एक स्थापित प्रक्रिया है और वह अभी तक सक्रिय नहीं हुई है। इस बीच, हाउसिंग, कम्युनिटीज और लोकल गवर्नमेंट मंत्री फानबुले के इस्तीफे ने संकट और बढ़ा दिया। उन्होंने अपने बयान में आरोप लगाया कि सरकार ने वह गति, विजन और साहस नहीं दिखाया जिसकी जनता को उम्मीद थी। फानबुलेह ने स्टॉर्मर से देश और पार्टी के हित में व्यवस्थित नेतृत्व परिवर्तन की समयसीमा तय करने की अपील करते हुए कहा कि जनता अब उन पर उस बदलाव को लाने का विश्वास नहीं करती जिसका उन्होंने वादा किया था। मंगलवार सुबह डाउनिंग स्ट्रीट पर मंत्रियों और सांसदों की आवाजाही बढ़ गई, जो सरकार के भीतर बढ़ती हलचल का संकेत थी। ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी हेइडी अलेक्जेंडर और ट्रेजरी मंत्री जेम्स मरे जैसे वरिष्ठ मंत्रियों को नंबर 10 पर देखा गया, हालांकि उन्होंने मीडिया से कोई बात नहीं की।

कई लेबर सांसदों ने भी सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री से पद छोड़ने की मांग करनी शुरू कर दी है। हालिया चुनावी नतीजों के बाद से लेबर पार्टी के भीतर असंतोष पनप रहा है, जहां कई नेताओं का मानना है कि पार्टी जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य- वैश्विक डिजिटल नेटवर्क के लिए बढ़ता खतरा

### ईरान की चेतावनी के बाद चिंतित दुनिया



तेहरान। अमेरिका और इजराइल से जारी जंग के बीच ईरानी मीडिया ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के नीचे बिछी समुद्री इंटरनेट केबलें खतरे में पड़ सकती हैं। यदि कई प्रमुख अंडरसी केबलें एक साथ प्रभावित होती हैं, चाहे तकनीकी खराबी के कारण या किसी सुनियोजित कार्रवाई से, तब पूरे फारस की खाड़ी क्षेत्र में इंटरनेट और संचार सेवाओं पर गंभीर असर होगा।

विशेषज्ञ इस मामले को केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक डिजिटल नेटवर्क के लिए एक गंभीर चिंता बता रहे हैं। ईरान की ओर से संकेत दिए गए हैं कि वह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाली इन अंडरसी इंटरनेट केबलों के रखरखाव और नियमों पर अपनी निगरानी और पकड़ बढ़ा सकता है। यह समुद्री मार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण रास्तों में से एक है, जिसे अब तक मुख्य रूप से तेल और गैस आपूर्ति के लिए अहम माना जाता था। हालांकि, डिजिटल युग में इसकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हुई है, क्योंकि एशिया, यूरोप और मध्य पूर्व को जोड़ने वाली कई अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट केबलें इसी क्षेत्र से होकर गुजरती हैं। दरअसल, दुनिया का अधिकांश इंटरनेट डेटा समुद्र के नीचे बिछी फाइबर ऑप्टिक केबलों के जरिए एक देश से दूसरे देश तक पहुंचता है। आम धारणा के विपरीत, इंटरनेट केवल सैटेलाइट पर निर्भर नहीं है। ऑनलाइन बैंकिंग, क्लाउड सेवाएं, सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म और अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जुड़ा अधिकांश डेटा इन्हीं केबलों के माध्यम से संचालित होता है।

## अब वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाएंगे ट्रंप!

### ट्रंप कनाडा और ग्रीनलैंड पर पहले नजर रखे हुए हैं



वॉशिंगटन। अमेरिकी राजनीति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में एक बार फिर उस समय हड़कंप मच गया जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला को संयुक्त राज्य अमेरिका का 51वां राज्य बनाने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने का संकेत दिया। सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने एक साक्षात्कार के दौरान इस बात की पुष्टि की है कि वे वेनेजुएला के भविष्य को लेकर इस बड़े कदम पर मंथन कर रहे हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी ट्रंप कनाडा और ग्रीनलैंड जैसे क्षेत्रों को अमेरिकी संघ में शामिल करने के अपने विचार सार्वजनिक कर चुके हैं, लेकिन वेनेजुएला के संदर्भ में यह बयान मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए अत्यंत संवेदनशील माना जा रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप ने इस विचार के पीछे वेनेजुएला के विशाल प्राकृतिक संसाधनों को मुख्य वजह बताया है। ट्रंप के अनुसार, वेनेजुएला के पास लगभग 40 ट्रिलियन डॉलर का तेल भंडार है, जो अमेरिका की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक शक्ति को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वहां की जनता उन्हें पसंद करती है और अमेरिका के साथ जुड़ना उनके हित में होगा। यह घटनाक्रम 3 जनवरी 2026 को अमेरिकी प्रशासन द्वारा वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पद से हटाए जाने के बाद आया है। उस समय ट्रंप ने स्पष्ट किया था कि अमेरिका अस्थायी रूप से वेनेजुएला का प्रबंधन संभालेगा ताकि एक सुरक्षित और उचित ट्रांजिशन (सत्ता हस्तांतरण) सुनिश्चित किया जा सके।फिलहाल, ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला के तेल उद्योग को पुनर्जीवित करने और वहां विदेशी निवेश लाने पर जोर दे रहा है। हालांकि ट्रंप ने स्वयं को आधिकारिक रूप से वहां का प्रशासक घोषित नहीं किया है, लेकिन उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पेटे हेगसेथ जैसे शीर्ष अधिकारियों की एक टीम तैनात की है। अमेरिकी प्रशासन वर्तमान में डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ समन्वय कर रहा है, जिन्हें तेल क्षेत्र के प्रबंधन का व्यापक अनुभव है। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि वेनेजुएला के पुनर्निर्माण की अंतिम जिम्मेदारी उन पर है। यदि वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जाता है, तो यह आधुनिक इतिहास की सबसे बड़ी भौगोलिक और राजनीतिक घटना होगी।

## नेपाल की चीन से बढ़ती नजदीकी: परियोजनाओं पर जोर और कर्ज का खतरा



काठमांडू। काठमांडू और बीजिंग के बीच आर्थिक एवं बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को लेकर फिर गतिविधियां तेज हुई हैं, जिससे दोनों देशों के संबंधों में नई गर्माहट आई है। रिपोर्टों के अनुसार, आने वाले महीनों में कई उच्चस्तरीय बैठकें प्रस्तावित हैं, जिसमें चीन समर्थित परियोजनाओं की प्रगति और अटकी योजनाओं को आगे बढ़ाने पर गहन चर्चा होगी। जून के पहले सप्ताह में काठमांडू में नेपाल-चीन सहयोग कार्यक्रम एवं परियोजना कार्यान्वयन तंत्र की तीसरी बैठक प्रस्तावित है। इसमें चीन द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा होगी और काम में आ रही बाधाओं को दूर करने का प्रयास होगा। इसके अतिरिक्त, नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय और नेपाल में चीन के राजदूत झांग माओमिंग के बीच भी द्विपक्षीय बातचीत की उम्मीद है। चीन जिन प्रमुख परियोजनाओं पर नेपाल में काम कर रहा है, उनमें स्याफरुबेसी-रसुवागढ़ी राजमार्ग सुधार, चिलिमे-रसुवागढ़ी-केरुंग ट्रांसमिशन लाइन और नेपाल-चीन सीमा पार रेलवे परियोजना शामिल हैं। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत कई अन्य परियोजनाएं भी प्रस्तावित हैं, हालांकि अधिकांश अभी शुरुआती चरण में ही हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि नेपाल की यह सक्रियता केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि रणनीतिक महत्व भी रखती है। भारत के साथ हालिया सीमा विवाद और राजनीतिक तनाव के बीच चीन से नेपाल की बढ़ती नजदीकी को नई दिल्ली के लिए एक संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, इस बढ़ती साझेदारी को लेकर नेपाल के भीतर चिंताएं भी कम नहीं हैं। आलोचकों को डर है कि बड़े पैमाने पर कर्ज आधारित चीनी परियोजनाएं नेपाल को श्रीलंका या पाकिस्तान जैसी ऋण-निर्भर स्थिति में धकेल सकती हैं, खासकर जब देश की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि, पर्यटन और विदेशों से आने वाली रेमिटेंस पर निर्भर करती है। पोखरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उदाहरण अक्सर दिया जाता है, जिसे चीनी ऋण से विकसित किया गया था लेकिन सीमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के कारण उसका उपयोग अपेक्षित आर्थिक लाभ नहीं दे पा रहा है।

## अफगान लोगों को मार रही पाक सेना, अब तक 372 की मौत, सैकड़ों घायल

### -संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

जेनेवा। साल के पहले तीन महीनों में तालिबान और पाकिस्तानी सेना के बीच सीमा पार झड़प में कम से कम 372 अफगान नागरिक की जान जा चुकी है। 397 लोग घायल हुए। संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन ने मंगलवार को रिपोर्ट जारी की है जिसमें खुलासा किया गया है कि आधे से ज्यादा मौतें काबुल में एक नशा मुक्ति केंद्र पर हुए हवाई हमलों के कारण हुईं। हाल के सालों में दर्ज की गई सबसे घातक घटनाओं में से एक है। काबुल नशा मुक्ति केंद्र पर हमला सबसे घातक हमलों में शामिल रिपोर्ट है। इसके मुताबिक पुरुषों के हताहत होने की बड़ी संख्या 16 मार्च को काबुल के एक नशा उपचार केंद्र पर हुए हवाई हमलों से जुड़ी थी। इसमें केवल पुरुष रोगियों को भर्ती किया जाता था।रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में कम से कम 269 लोग मारे गए साथ ही 122 घायल हुए हैं। हालांकि इसमें चेतावनी दी कि वास्तविक मरने वालों की संख्या ज्यादा हो सकती है। तीन स्वतंत्र स्रोतों से इसकी पुष्टि गई है। जनवरी से मार्च के दौरान हताहतों के आंकड़े 2011 के बाद से सबसे अधिक आंकड़े हैं। मारे गए लोगों में 13 महिलाएं, 46 बच्चे और 313 पुरुष थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई पीड़ितों की पहचान नहीं की जा सकी क्योंकि उनके शरीर बुरी तरह जल गए थे।

संयुक्त राष्ट्र मिशन ने दोनों पक्षों से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने और अस्पतालों और नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाने से बचने का आग्रह किया है। पाकिस्तान का दावा है कि उसके सैन्य अभियान केवल ÷आतंकवादी और सैन्य बुनियादी ढांचे÷ की ओर निर्देशित थे। तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान-पाकिस्तान तनाव बढ़ा 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव लगातार गहराया है।

## बीजिंग पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, टिकीं दुनिया की नजरें



बीजिंग। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल की अत्यंत महत्वपूर्ण और पहली आधिकारिक यात्रा पर आज शाम चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच रहे हैं। वर्ष 2017 के बाद यह ट्रंप का पहला चीन दौरा है, जो एक ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था गहरे संकट के दौर से गुजर रही है। दो दिनों तक चलने वाली इस शिखर वार्ता में ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच आमने-सामने की मुलाकात होगी, जिस पर पूरी दुनिया की निगाहें जमी हुई हैं। इससे पहले दोनों दिग्गज नेताओं ने अक्टूबर 2025 में दक्षिण कोरिया के बुसान में मुलाकात की थी, लेकिन बीजिंग की यह बैठक रणनीतिक लिहाज से कहीं अधिक व्यापक मानी जा रही है।

इस दौरे का सबसे संवेदनशील और प्रमुख मुद्दा ईरान के साथ चल रहा सैन्य संघर्ष है। अमेरिका को उम्मीद है कि चीन ईरान पर अपने कूटनीतिक और आर्थिक प्रभाव का इस्तेमाल कर उसे बातचीत की मेज पर लाएगा। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खुलवाने पर चर्चा केंद्रित रहेगी, क्योंकि यह समुद्री मार्ग वैश्विक तेल व्यापार की जीवनरेखा है। युद्ध के कारण विश्व स्तर पर तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है, जिससे अमेरिका में घरेलू स्तर पर ट्रंप प्रशासन पर पेट्रोल के दाम कम करने का भारी दबाव है। व्यापार और आर्थिक सहयोग भी इस वार्ता के केंद्र में रहेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ एक उच्च स्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी चीन पहुंचा है। अमेरिका की प्राथमिकता है कि चीन अमेरिकी कृषि उत्पादों, ऊर्जा संसाधनों और विशेष रूप से बोइंग विमानों की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि करे। हालांकि, ताइवान का मुद्दा दोनों देशों के बीच तनाव की एक स्थायी वजह बना हुआ है। चीन चाहता है कि अमेरिका ताइवान को सैन्य और कूटनीतिक समर्थन देना कम करे, जबकि वाशिंगटन इस क्षेत्र में शांति और यथास्थिति बनाए रखने के पक्ष में है। इसके अतिरिक्त, उभरती हुई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े वैश्विक खतरों के बीच सहमति बनाने की कोशिश होगी।

## बीसीसीआई ने कमिंस पर जुर्माना लगाया

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में धीमी ओवर गति के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर जुर्माना लगाया है। कमिंस पर बोर्ड ने 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कमिंस पर ये जुर्माना मंगलवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में धीमी ओवर गति के लिए लगाया गया है। बोर्ड ने इसे आईपीएल नियमों का उल्लंघन करार दिया है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार, यदि क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम निर्धारित समय सीमा के अंदर अपने 20 ओवर पूरे नहीं कर पाती है, तो उसे धीमी ओवर गति का दोषी माना जाता है।

## सुदर्शन ने लगातार तीसरे आईपीएल सत्र में 500 से अधिक रन बनाये

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मुकाबले में अपनी अर्धशतकीय पारी के साथ ही एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया है। सुदर्शन आईपीएल सत्र में लगातार तीसरी बार 500 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इसी के साथ ही सुदर्शन ने आईपीएल में विराट कोहली के रिकार्ड की बराबरी कर ली है। विराट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरीबी) की ओर से लगातार तीन सत्र में 500 से अधिक रन बनाये हैं। सुदर्शन ने 2024 और 2025 के बाद अब 2026 में यह शानदार कारनामा किया है।

## जीत से उत्साहित शुभमन बोले हालातों के अनुसार बनाते हैं रणनीति

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2026 मुकाबले में मिली जीत पर खुशी जतायी है। शुभमन ने कहा कि टीम को ये शानदार जीत गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मिली है। गुजरात ने जिस प्रकार से इस सत्र में उतार-चढ़ाव के बाद शीर्ष पर स्थान बनाया है उससे भी प्रशंसकों ने उसकी सराहना की है। वहीं शुभमन ने कहा कि उनकी टीम ने किसी खासा शैली को नहीं अपनाया है, उनकी टीम हालातों के अनुसार रणनीति बनाती है। इसी के साथ ही गुजरात ने लगातार पांचवां मुकाबला जीता।

## इम्पैक्ट प्लेयर नियम को हटा दिया जाना चाहिये : मांजरेकर

मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने संजय मांजरेकर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इसे हटा दिया जाना चाहिये। मांजरेकर के अनुसार इस नियम से खिलाड़ियों के ऑलराउंड विकास में बाधा आ रही है क्योंकि खिलाड़ी एक ही काम कर रहे हैं।

# मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत करना चाहेगी पंजाब

### शाम 7.30 बजे शुरू होगा मैच




धर्मशाला । पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल मुकाबले में गुरुवार को यहां मुम्बई इंडियंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इस सत्र की शुरुआत में नंबर एक पर रही पंजाब की टीम पिछले चार मैच में लगातार हार से अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गयी है। उसके अब तक 13 अंक हैं, ऐसे में प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे ये मैच हर हाल में जीतना होगा। कप्तान श्रेयस अय्यर की पंजाब के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं पर उसे पिछले मैचों में की गयी गलतियों से बचना होगा। उसके ऊपर दबाव भी रहेगा और ऐसे में अब देखना होगा कि वह किस प्रकार से खेलती है। इस मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। पिछले मैच में उसे इन दोनो क्षेत्रों की कमजोर से हार का सामना करना पड़ा था। उसे प्लेऑफ में जगह बनाने बचे हुए दो मैचों को हर हाल में जीतना होगा।

टीम का अब तक का सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उसे शुरुआत में लगातार जीत मिली पर फिर टीम एकाएक हारने लगी। टूर्नामेंट के पहले भाग में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां नजर नहीं आई पर बल्लेबाजी के असफल होने ही टीम हारने लगी। दिल्ली के खिलाफ मैच में टीम जीत के करीब पहुंच गई थी पर अंतिम पांच ओवरों में तेज गेंदबाज अपनी लेंथ बरकरार नहीं रख पाये। अर्शदीप सिंह सहित अन्य गेंदबाजों का इकॉनमी रेट सबसे खराब रहा है। जहां पहले हाफ में जेवियर बार्टलेट और अर्शदीप ने नई गेंद से अच्छा संयोजन प्रदान किया। वहीं लॉकी फर्ग्युसन की वापसी के बाद इसमें अस्थिरता देखने को मिली है। पंजाब ने पिछले मैच में बेन ड्वार्शियस सहित बाएं हाथ के तीन तेज गेंदबाजों को मैदान पर उतारा पर ये सभी महंगे साबित हुए। अर्शदीप ने जिन 11 मैचों में हिस्सा लिया है, उनमें से अधिकांश में उन्होंने प्रति ओवर 10 से अधिक रन दिए हैं।

इसके अलावा टीम की फील्डिंग भी खराब रही है। वहीं अगर पंजाब की बल्लेबाजी की बात करें तो प्रभसिमरन सिंह को निरंतरता रखते हुए लंबी पारी खेलनी होगी जिससे वह शीर्ष क्रम में प्रियांश आर्य के साथ बड़ी साझेदार कर सकें। टीम ने पिछले मैचों में काफी कैच छोड़े हैं जिससे भी टीम को नुकसान हुआ है।

वहीं दूसरे और मुंबई इंडियंस पहले ही पलेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में वह इस मैच में बिना किसी दबाव के उतरेगी। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करने उतरेंगे।

# टी20 क्रिकेट में बल्लेबाज हो रहे हावी, गेंदबाजों को करने होंगे बदलाव : द्रविड़



डबलिन। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि आजकल के क्रिकेट जिस दौर में पहुंच गया है वहां बल्लेबाज हावी नजर आते हैं और गेंदबाजों की भूमिका उनके मुकाबले कमजोर नजर आती है। द्रविड़ के अनुसार इस प्रकार के हालातों में अपना दबदबा फिर से बनाने के लिए गेंदबाजों को अपने में बदलाव करना होगा। तभी वे बदलते हुए दौर में टिक पायेंगे। इस पूर्व कप्तान मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजों ने खेल को पूरी तरह से बदल दिया है, जबकि गेंदबाज अभी भी उस स्तर तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

डबलिन में यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान द्रविड़ ने कहा कि टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी का स्तर लगातार ऊंचा होता जा रहा है। साथ ही कहा, पिछले दो-तीन साल में बल्लेबाजी में जिस तरह का बदलाव आया है, उसे देखते हुए मुझे लगता है कि गेंदबाजों को उस स्तर तक पहुंचने के लिए अब काफी मेहनत करनी होगी। द्रविड़ ने विशेष रूप से युवा भारतीय बल्लेबाजों की भी प्रशंसा करते हुए कहा है कि इन लोगों ने पावरप्ले में बल्लेबाजी के अंदाज को ही बदल दिया है। उन्होंने अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, आयुष मात्रे और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ियों का जिक्र किया, जो अब मैदान के हर हिस्से में बड़े शॉट खेलते हैं। द्रविड़ ने साथ ही कहा कि आजकल बल्लेबाजी कौशल, छक्के लगाने की क्षमता और मैदान के अलग-अलग हिस्सों में शॉट खेलने की कला पहले से कहीं बेहतर हुई है, जिसने गेंदबाजों को परेशानी में डाल दिया है। साथ ही कहा कि आज के इस दौर में गेंदबाजों को भी विविधता लानी होगी । उन्होंने कहा, अगर संतुलन की बात करें तो फिलहाल बल्लेबाज, गेंदबाजों की तुलना में टी20 क्रिकेट की मांगों के हिसाब से ज्यादा बेहतर तरीके से ढले हैं। हालांकि, द्रविड़ को उम्मीद है कि आने वाले समय में गेंदबाज इसका सामना बेहतर तरीके से कर सकेंगे। द्रविड़ ने इस बात पर भी जोर दिया कि सपाट पिचों पर गेंदबाजों के लिए लगातार सफल होना आसान नहीं है और उन्हें कुछ अतिरिक्त सहायता की जरूरत होगी।

# टेनिस खिलाड़ी पुरस्कार राशि के मामले में अब पीछे नहीं हटेंगे - पेगुला



रोम। टेनिस जगत में खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि बढ़ाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। अब इस अभियान का नेतृत्व कर रही अमेरिकी महिला टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने कहा है कि खिलाड़ी अब अपनी इस मांग से पीछे नहीं हटेंगे। पेगुला ने कहा कि यह सही समय है जब खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के कुल राजस्व में एक बड़ा मिलना चाहिए। वहीं इससे पहले विश्व नंबर-1 पुरुष टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर और महिला वर्ग की नंबर-1 खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने भी कहा था कि पुरस्कार राशि बढ़ायी जानी चाहिये। गई है।

पेगुला खिलाड़ियों को इस मामले को लेकर एक मंच पर लाने का प्रयास भी कर रही हैं। । उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों से इस मामले में सीधे बात करने और उन्हें एकसाथ लाने में उन्हें कोई परेशानी नहीं है। पेगुला ने कहा, मैं किसी भी खिलाड़ी के पास जाकर पूछ सकती हूं कि क्या वह इस मामले में हमसे सहमत है या नहीं । साथ ही कहा कि कुछ खिलाड़ी शायद इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी पूरी तरह से समर्थन में हैं। वह पुरुष और महिला दोनों वर्गों के खिलाड़ियों से लगातार संपर्क कर रही हैं और उन्हें इस अभियान में शामिल कर रही हैं।

पेगुला ने संकेत दिया कि अन्य प्रमुख पेशेवर खेलों की तुलना में टेनिस खिलाड़ियों को उनके योगदान के बदले काफी कम हिस्सा मिलता है।

# पंजाब किंग्स की सह-मालिक प्रीति जिंटा ने अफवाहें फैलाने वालों को दी चेतावनी

### टीम, व्यक्ति या ब्रांड को नुकसान पहुंचाने वाले पर करेंगे कार्रवाई



चंडीगढ़ । पंजाब किंग्स टीम की सह-मालिक प्रीति जिंटा ने कहा है कि सोशल मीडिया पर टीम उसके सदस्यों और ब्रांड को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। माना जा रहा है कि प्रीति ने ये चेतावनी टीम को लेकर आई कुछ खबरों को लेकर दी है। इसमें कहा गया है कि

सस्ती लोकप्रियता के लिए फर्जी कहानियां ने फैलाएं। इसमें विशेष रूप से मीडिया को निशाना बनाया गया था और उनसे आग्रह किया गया था कि वे गलत जानकारी फैलाने से पहले तथ्यों की जांच करें। पोस्ट में लिखा था, आलोचना, मजाक और राय खेल का हिस्सा हैं। लेकिन सस्ती लोकप्रियता के लिए फर्जी कहानियां और मनगढ़ंत बातें न फैलाएं।

यह पोस्ट हालांकि कुछ ही समय बाद हटा दिया गया। उसकी जगह एक नया और संशोधित पोस्ट अपलोड किया गया, जिसमें खेल पत्रकारों का सीधा जिक्र हटा दिया गया था। नए पोस्ट में कहा गया, आलोचना, मजाक और राय खेल का हिस्सा हैं पर लेकिन सस्ती लोकप्रियता के लिए फर्जी कहानियां और मनगढ़ंत बातें नहीं। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि ध्यान या लोकप्रियता के लिए गलत जानकारी फैलाने से पहले तथ्यों की जांच करें।

इस घटना के तुरंत बाद, प्रीति जिंटा ने व्यक्तिगत रूप से इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने सभी उपयोगकर्ताओं, मीडिया प्रोफेशनल्स सहित से अपील की कि वे बिना पुष्टि के किसी भी दावे को आगे न बढ़ाएं। अपने एक्स पोस्ट में, जिंटा ने लिखा, आलोचना और सोची-समझी गलत जानकारी फैलाने में फर्क है। खेल को लेकर स्वस्थ बहस का स्वागत है, लेकिन जानबूझकर फर्जी बातें फैलाकर किसी व्यक्ति, टीम या ब्रांड को नुकसान पहुंचाना न तो सही है और न ही इसे हल्के में लिया जाएगा। मैं सभी मीडिया प्रोफेशनल्स से अपील करती हूं कि बिना पुष्टि के किसी भी जानकारी को आगे बढ़ाने से पहले जिम्मेदारी दिखाएं। धन्यवाद।माना जा रहा है कि यह चेतावनी स्पिनर युजवेंद्र चहल के ई-स्मोकिंग को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही कुछ खबरों के जवाब में दी गई है।

# काउंटी चैम्पियनशिप में सफल वापसी के साथ ही स्टोक्स ने साबित की फिटनेस

### न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए हैं तैयार



लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने चोट से वापसी करते हुए काउंटी चैम्पियनशिप में अच्छी गेंदबाजी कर साबित कर दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए पूरी तरह से फिट हैं। स्टोक्स की वापसी से इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने राहत की सांस ली है। टीम को आने वाले समय में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है। ऐसे में स्टोक्स की वापसी से घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी बेहतर होगी। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे स्टार खिलाड़ियों के संन्यास के बाद से ही स्टोक्स की भूमिका और भी अहम हो जाती है।

स्टोक्स ने डरहम काउंटी क्रिकेट क्लब की ओर से वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के खिलाफ डिवीजन टू मुकाबले में खेला है। चोट से वापसी के बाद से ही यह उनका पहला प्रतिस्पर्धी मैच था।

इंग्लैंड का इस साल एक व्यस्त घरेलू टेस्ट सत्र है, जिसमें उसे आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के तहत जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट और अगस्त-सितंबर में पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट खेलने हैं। ऐसे में तेज गेंदबाजी विकल्पों की कमी को देखते हुए, स्टोक्स को इन महत्वपूर्ण श्रृंखलाओं के दौरान नई गेंद से गेंदबाजी करते हुए देखा जा सकता है। एंडरसन, ब्रॉड और क्रिस वोक्स के संन्यास के बाद, टीम अभी भी एक आदर्श नई गेंद के आक्रमण की तलाश में है। ब्रायडन कार्स और मार्क वुड की चोटें, साथ ही जोफ्रा आर्चर की फिटनेस को लेकर चल रही चिंताओं ने चयनकर्ताओं के सामने 4 जून को लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट से पहले बड़े फैसले लेने की चुनौती खड़ी कर दी है।वर्तमान तेज गेंदबाजी विकल्पों में ओली रॉबिन्सन, मैथ्यू पॉट्स, सैम कुक और सन्नी बेकर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, लेकिन काउंटी क्रिकेट में स्टोक्स की हालिया नई गेंद की गेंदबाजी से उन्हें इस अहम भूमिका में वापसी का मौका मिल सकता है।

# दक्षिण अफ्रीकी महिला तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल संन्यास से वापसी कर रहीं

### विश्वकप में मिलेगा टीम को फायदा



जोहान्सबर्ग। इग्लैंड में होने वाले आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप महिला विश्वकप क्रिकेट से ठीक पहले दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल ने खेल में वापसी की घोषणा कर दी है। शबनम की वापसी से दक्षिण अफ्रीकी टीम का गेंदबाजी आक्रमण बेहतर हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार शबनम ने दक्षिण अफ्रीका के निदेशक एनोक न्क्वे और मुख्य कोच मंडला माशिम्बी के साथ बातचीत के बाद वापसी की बात कही है। कोच माशिम्बी ने कहा, सच कहूं तो, हमारी गेंदबाजी में इस्माइल जैसी बेहतरीन खिलाड़ी का होना बहुत अच्छा होगा।

गौरतलब है कि शबनम इस्माइल ने साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। तब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को अपने ही धरती पर टी20 विश्व कप के फाइनल तक पहुंचाया था। वहीं उनके जाने के बाद से ही टीम की गेंदबाजी कमजोर हुई है। टीम तभी से उनकी जैसी गेंदबाज को शामिल करना चाह रही थी पर सफल नहीं हो रही थी। माशिम्बी ने हाल के महीनों में माना था कि टीम के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प नहीं हैं। इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के दौरे के बाद उन्होंने फिर से दोहराया था कि टीम की गेंदबाजी में और ज्यादा तेजी की जरूरत है। उन्होंने इशारों-इशारों में यह भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि इस्माइल अपने संन्यास के फैसले पर दोबारा विचार करेंगी। उनकी यह उम्मीद अब एक वास्तविकता में बदल गई है।

गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर होने के बावजूद, इस्माइल दुनिया भर में होने वाले फ्रैंचाइजी टूर्नामेंट्स में सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक बनी हुई हैं। वह महिला प्रीमियर लीग, द हंड्रेड और महिला बिग बैश लीग जैसे टूर्नामेंट्स में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। महिला क्रिकेट में उनकी रफ्तार और आक्रामकता का कोई मुकाबला नहीं है, और महिला क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड आज भी उन्हीं के नाम है।

उनकी वापसी से दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी नई गेंद की जोड़ी, मारिज़ाने कैप के साथ फिर से एक साथ आ सकती है। वहीं पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क के भी पिछले साल संन्यास से वापसी करने के बाद टीम में शामिल होने की खबरें हैं।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले से पहले अकेले अयास करते दिखे पांड्या



मुंबई । मुम्बई इंडियंस टीम का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। टीम को अब गुरुवार को बचे हुए लीग मैच में पंजाब किंग्स से खेलना है। मुम्बई की टीम इस मैच में जीत के साथ ही अपना खोया मनोबल हासिल करने का प्रयास करेगी। टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन भी इस सत्र में अच्छा नहीं रहा और वह आलोचकों के निशाने पर हैं। पांड्या फिट नहीं होने के कारण पिछले दो मैचों से बाहर थे। अब उनका लक्ष्य गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर लय हासिल करना चाहेंगे। इसी को देखते हुए पांड्या अकेले ही नेट्स में अभ्यास करते दिखे। इससे साफ है कि वह पंजाब के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे। इससे टीम और प्रशंसकों के बीच उम्मीदें जगी हैं। हालांकि फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। पांड्या ने अभ्यास का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी कर अपने फिट होने के संकेत दिये हैं।

हार्दिक इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में नहीं उतरे थे। पीठ की समस्या के कारण उनकी अनुपस्थिति ने टीम के संतुलन और प्रदर्शन को काफी प्रभावित किया है, खासकर जब टीम इस सीजन में लगातार संघर्ष कर रही है। अब, पंजाब किंग्स के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले उनके नेट्स में बल्लेबाजी अभ्यास करते हुए देखा जाना उनके फिटनेस हासिल करने का एक सकारात्मक संकेत है।

मुंबई पहले ही आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, जिसके बाद टीम के भीतर और बाहर कई सवाल उठे हैं। इन हालातों के बीच, पांड्या ने टीम के भविष्य और रणनीति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, टी20 क्रिकेट में उतार-चढ़ाव आना तय है। जब सीजन खत्म हो जाएगा, तब सही समय होगा कि क्या गलत हुआ, इसका सही आकलन किया जाए।

# थाईलैंड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे श्रीकांत और सिंधु



बैंकाक। भारत के किदाम्बी श्रीकांत और पीवी सिंधु यहां खेले जा रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। पुरुष एकल में पूर्व विश्व नंबर-1 श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से सीधे सेटों में हराया। श्रीकांत ने अपनी आक्रामक शैली से लो कीन यू को वापसी का कोई अवसर नहीं दिया। अब अगले दौर में उनका सामना चीनी ताइपे के सू लि यांग से होगा। वहीं महिला एकल में, भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की तुंग सियु तोंग को सीधे गेम में आसानी से हरा दिया। सिंधु ने अपने स्मैश और तेज रिटर्न से विरोधी खिलाड़ी को कोई अवसर नहीं दिया। अब उनका मुकाबला डेनमार्क की अमेली शूल्ज से होगा। वहीं युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी को जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाइ नराओका के खिलाफ 13-21, 21-17, 4-21 से हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह, तरुण मन्नेपल्ली भी जापान के कोकी वातानाबे से 12-21, 16-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

महिला एकल में भी भारत की उन्नति हुड्डा को थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग ने 11-21, 21-17, 21-16 से हराया। भारत के ही अनमोल खरब का मुकाबला चीन के चेन यू फेई के खिलाफ 19-21, 21-13, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा है।

# सीएसके टीम के साथ लखनऊ जाएंगे धोनी, टिकट हुआ बुक : कासी विश्वनाथन

### सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में उतरने की संभावना



मुम्बई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने अब तक इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेला है पर वह शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में खेल सकते हैं। इसका अंदाजा धोनी के टीम के साथ उड़ान भरने को लेकर लगाया जा रहा है। ऐसे में अगर वह खेलते हैं तो इस सत्र में उन्हें खेलते हुए देखने का प्रशंसकों का सपना पूरा हो सकता है। धोनी फिट न होने के कारण शुरुआत से ही बाहर हैं। धोनी अपनी शानदार फिनिशिंग और विकेटकीपिंग के लिए जाने जाते हैं, पिंडली की चोट के कारण वह पूरे सीजन से बाहर रहे हैं। उनके बाहर होने से सीएसके के प्रशंसकों को निराश हुई है। प्रशंसक उन्हें एक बार फिर खेलते हुए देखना चाहते हैं। फैंस की चाहत है कि अगर वो मैदान पर नहीं उतर सकते तो कम से कम टीम के किसी मैच में मौजूद रहें।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने भी कहा है कि धोनी का लखनऊ के लिए टिकट बुक है। टीम शुक्रवार रात को एलएसजी से खेलने वाली है और इसमें धोनी की मौजूदगी से टीम का मनोबल बढ़ेगा। सीएसके इस समय प्लेऑफ की दौड़ में है और अंक तालिका में शीर्ष चार में जगह बनाने का प्रयास कर रही है। साल की खराब शुरुआत के बाद टीम ने लगातार तीन जीत दर्ज की हैं, जिससे उनकी स्थिति मजबूत हुई है।

## सीएसके ने बचे हुए सत्र के लिए रामकृष्ण की जगह मैकनील को शामिल किया

मुम्बई । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल के बचे हुए मैचों के लिए चोटिल रामकृष्ण घोष की जगह नए खिलाड़ी मैकनील हैड्ली नरोन्हा को शामिल किया है।

24 साल के मैकनील उभरते हुए बल्लेबाजी ऑलराउंडर हैं।